भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1563
दिनांक 09 दिसंबर, 2024

विशाखापत्तनम में विपणन टर्मिनल का पुनरुद्धार

1563 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि विशाखापत्तनम में जुलाई, 2014 में 250 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से शुरू किए गए प्रस्तावित विपणन टर्मिनल का प्रस्तावित पुनरुद्धार कार्य बीच में ही बंद कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त परियोजना को बीच में ही बंद किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने सूचित किया है कि विशाखापत्तनम में मार्केटिंग टर्मिनल के पुनरुद्धार का प्रस्ताव,जिसे 2014 में 247 करोड़ रुपये की लागत से शुरू में मंजूरी दी गई थी, बाद में छोड़ दिया गया। विशाखापत्तनम टर्मिनल को ध्वस्त करने और पुनर्निर्माण से संबंधित उक्त प्रस्ताव की समीक्षा क्षेत्र में दीर्घकालिक पीओएल (पेट्रोलियम, तेल और ल्यूब्रिकेंट) आवश्यकता और नई ओआईएसडी-244 (2015) आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की गई थी और पूरे टर्मिनल को ध्वस्त करने और पुनर्निर्माण पर विचार किए बिना विशाखापत्तनम में मार्केटिंग टर्मिनल के पुनरुद्धार के लिए संशोधित प्रस्ताव को अप्रैल, 2018 में 355 करोड़ रुपये की लागत से सक्षम प्राधिकारी द्वारा मंजूरी दी गई थी।

****